शकुंतला देवी महाविद्यालय में मनाया युवा उत्सव



पेटलावद। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में पेटलावद के शकुंतला देवी महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता गरबा प्रतियोगिता प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता खेलकूद का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया युवा उत्सव कार्यक्रम में संस्था के संचालक राहुल मुथा ने बताया कि सभी छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं संस्था की ओर से सुरेश मुथा वह मुस्कान मुथा के द्वारा सभी छात्रों को दिवाली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उपहार व प्रमाण पत्र वितरित किए इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर राहुल बहुगुणा, रामसिंह बारिया, जय श्री बिलवा, मधु राठौड,शालू राठौड, अल्केश भूरिया उपस्थित थे संचालन उमेश हाडा ने किया

मदिरा माफिया पर मेहरबान झाबुआ आबकारी महकमा

13 बड़े ठिकानों पर छापेमारी, पर 1 लाख का टारगेट छूना भी बना पहाड़.!

आंकड़े देखकर चकरा जाएगा सिर

झाबुआ। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए भले ही कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट के सख्त तेवर और लगातार निर्देश चर्चा में रहते हों, लेकिन मैदानी अमले की सुस्ती और कार्यप्रणाली इन तमाम दावों की हवा निकालने के लिए काफी है। जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र मानिकपुरी के निर्देशन में विभाग की %सक्रिय% टीम ने बुधवार, 4 नवंबर को ताबड़तोड़ दबिश देते हुए शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक हड़कंप मचाने की कोशिश तो की, लेकिन अंततः जो आंकड़े सामने आए, वे विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करने के साथ-साथ किसी जोक से कम नहीं हैं। झाबुआ शहर, पिटोल, थांदला बस स्टेशन, सेलानीपुरा, करवड और रायपुरिया बस स्टेशन जैसे संवेदनशील और



अवैध मदिरा के गढ़ माने जाने वाले इलाकों में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 13 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत पंजीबद्ध किए। महकमे ने अपनी इस बड़ी कार्रवाई के तहत मौके से 250 किलो लहान और 178 बल्क लीटर अवैध मदिरा को जब्त करने का दावा भी ठोक दिया।

क्या महज 72 हजार की रिकवरी ही



आबकारी का ब्रह्मास्त्र है.?–जब विभाग ने जब्तशुदा इस पूरे जखीरे का कुल अनुमानित बाजार मूल्य निकाला, तो खुद आबकारी अमले के चेहरे की हवाइयां उड़ गई होंगी। भारी-भरकम अमले, गाड़ियों के काफिले और दबिश के इस पूरे ड्रामे के बाद हाथ क्या लगा? सिर्फ 72,181 रुपये ! जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा। कुल 13 अलग-अलग ठिकानों पर की गई छापामार कार्रवाई के बाद भी आबकारी विभाग 1 लाख रुपये के आंकड़े को छूने में भी बुरी तरह नाकामयाब साबित हुआ। एक तरफ जिले के मुखिया अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार आबकारी महकमा महज कुछ हजार रुपयों की शराब और लहान पकड़कर अपनी पीठ थपथपा रहा है।

जनता के बीच उठ रहे तीखे सवाल–चटकारेदार चर्चाओं का बाजार इस बात को लेकर गर्म है कि क्या झाबुआ में अवैध शराब का कारोबार अब सिर्फ इतने ही स्तर पर सिमट गया है, या फिर बड़े और रसूखदार शराब तस्करों तक पहुंचने से पहले ही विभाग के हाथ छोटे-छोटे आंकड़ों के जाल में उलझकर रह जाते हैं.?

जनता पूछ रही सवाल.?– 13 अलग-अलग जगहों पर दबिश देने के बावजूद प्रति प्रकरण औसत मूल्य महज 5,500 रुपये के आसपास बैठना क्या किसी बड़े संरक्षण की ओर इशारा करता है.? क्या आबकारी विभाग के पास सिर्फ छोटे-मोटे फुटकर विक्रेताओं तक ही पहुंचने की ताकत बची है, या फिर बड़े माफियाओं के आगे महकमे के हाथ बंधे हुए हैं।? कलेक्टर साहब की सख्त हिदायतों के बीच आबकारी विभाग की यह %हल्की% कार्रवाई प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर बड़ा व्यंग्य है। महकमे के नुमाइंदे भले ही अपनी इस कार्रवाई को बड़ी सफलता के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन 1 लाख का आंकड़ा भी पार न कर पाने की यह विफलता विभाग की कलई खोलने के लिए पूरी तरह काफी है।

दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, मिठाई एवं खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु भेजे

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में दीपावली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जोबट स्थित मेसर्स गणेश रेस्टोरेंट से मावा रोल एवं गुलाब जामुन तथा मेसर्स खत्री होटल से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। कार्रवाई के दौरान उक्त फर्म से 40 बोतल पेप्सी एवं थम्स अप, जिनकी कुल कीमत 1,200 रुपये थी, नष्ट कराई गई।

इसके अतिरिक्त आलीराजपुर स्थित राज ट्रेडर्स से शक्कर बूरा एवं सौंफ के नमूने भी गुणवत्ता जांच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अमानक सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के लिए सतत कार्रवाई की जा रही है। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दी गई ।

शहर से जिलेभर में ठंड ने दी दस्तक, तापमान में आई गिरावट

झाबुआ। शहर सहित जिलेभर में ठंड ने अपनी दस्तक देना शुरू कर दी है। अलसुबह एवं रात्रि में गुनगुनी ठंड का आभास होने लगा है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट आ रही है। दूसरी ओर इस वर्ष वर्षाकाल में औसत से कम बारिश ने जिलेवासियों सहित विशेषकर किसान वर्ग को काफी चिंता में डाल दिया है।

मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी में बताया कि विगत 1 जून 2026 से अब तक कुल वर्षा 627 मिमी अर्थात करीब 25 इंच वर्षा ही वर्षाकाल में रेकॉर्ड हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम है। जिससे रबी सीजन में किसानों को जलस्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से फसलों की



पैदावार में काफी दिक्कतें आएगी। वहीं जलस्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं होने की वजह से जिलेभर में ग्रीष्मकाल में जल संकट की भी संभावना साफ तौर पर नजर आ रहीं है।

कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट ने वर्षाकाल में जिले में औसत से कम हुई वर्षा के दृष्टिगत झाबुआ जिले को सूखाग्रस्त जिला घोषित किया है। जिसके अंतर्गत जिलाधीश द्वारा जल स्त्रोतों में जल संग्रहण एवं निजी नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

पानी को स्टोरेज करने के भरसक प्रयास जिला प्रशासन की ओर से किए जा रहे है। इस वर्ष बारिश की बेरखी के चलते खरीफ सीजन में सोयाबीन एवं कपास की आवक भी जिले के बाजार में कम मात्रा में हुई है।

शरद पूर्णिमा के बाद ठंड ने पकड़ा जोर -

विगत दिनों शरद पूर्णिमा के बाद से ही शहर सहित जिलेभर में यकायक ठंड बढ़ गई है। अलसुबह एवं रात्रि में हल्की गुनगुनी ठंड महसूस की जा रहीं है। ठंड की दस्तक के साथ ही किसान वर्ग रबी सीजन की तैयारियों में जुट गए है। उधर बाजार में ठंड के मद्देनजर गर्म वस्त्रों की दुकानें भी जगह-जगह सज गई है।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रहीं है। 31 दिसंबर, शनिवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। दीपावली पर्व के बाद से ठंड में ओर अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

वरिष्ठजनों को योग, स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

आलीराजपुर। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना (AVYAY) अंतर्गत State Action Plan 2026-27 के तहत जिला सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के सर्वांगीण कल्याण के लिए होलिस्टिक वेल-बीइंग, संवेदनशीलता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आयुष विभाग के सहयोग से वरिष्ठजनों को उनकी आयु एवं स्वास्थ्य के अनुरूप योगासन, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम एवं श्वसन अभ्यास कराया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने प्राथमिक उपचार, पोषण, सामान्य बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के लिए CPR प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया एवं वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संतुलित एवं पौष्टिक आहार, ऋतुचर्या, सकारात्मक सोच तथा सामाजिक सहभागिता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इसका उद्देश्य वरिष्ठजनों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रखने के साथ उन्हें सम्मानजनक एवं सक्रिय जीवन के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

वरिष्ठ नागरिकों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



सामाजिक सुरक्षा पेंशन 600 से बढ़ाकर 2000 रुपये करने सहित कई मांगें उठाईं, 60 वर्ष से आयुर्वेदिक नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग

नागदा जं. निप्र। वरिष्ठ नागरिक संगठन जन जागृति मंच के तत्वावधान में बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर जिलाधीश एवं मध्यप्रदेश शासन के नाम सात सूत्रीय मांग पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा आम नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए उनके निराकरण की मांग की गई।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि वर्तमान में मात्र 600 रुपये प्रतिमाह होने का उल्लेख करते हुए इसे बढ़ाकर कम से कम 2000 रुपये करने की मांग की गई। मंच ने मांग की कि नगर के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों का नए सिरे से सर्वे कराया जाए। वर्ष 2011-12 में हुए सर्वे के बाद लगभग 15 वर्षों से नया सर्वे नहीं होने के कारण अनेक पात्र नागरिक पेंशन योजना से वंचित हैं। ज्ञापन में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए नगर में निशुल्क अथवा न्यूनतम किराये पर बस या मैजिक वाहन चलाने की व्यवस्था करने तथा प्रदेश की सभी परिवहन बसों में वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा देने की मांग भी रखी गई।

इसके साथ ही उज्जैन-जावरा बायपास मार्ग पर लाल गेट से चंबल नदी तक सड़क के दोनों ओर प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की गई, ताकि रात्रि में आवागमन करने वाले वाहन चालकों एवं नागरिकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ज्ञापन सौंपते हुए वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि जिन मांगों का निराकरण नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में है, उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा जो विषय जिलाधीश अथवा मध्यप्रदेश शासन के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान का प्रयास किया जाए। ज्ञापन की एक प्रतिलिपि नगर पालिका अध्यक्ष के नाम भी सौंपी गई।

नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ नागरिक भूपेंद्र सिंह बुंदेला ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एलएन भावसार, अरुण पोद्दार, देवानंद भारद्वाज, मुकेश खटाना, सुरेश रघुवंशी, सुरेश उपाध्याय, कैलाश चंद बनोपा, ठाकुर राम सिंह, कुंज बिहारी गुप्ता, मुकेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से सम्मानपूर्वक चर्चा करते हुए सातों मांगों पर विचार कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। संचालन एवं संपूर्ण जानकारी वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयोजक एवं मीडिया प्रभारी तथा सामाजिक कार्यकर्ता सीएल वर्मा ने दी।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आलीराजपुर की टीम बनी विजेता

सोण्डवा/माँ नर्मदा शासकीय महाविद्यालय, सोण्डवा, जिला आलीराजपुर में जिला स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आलीराजपुर की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, वहीं शासकीय महाविद्यालय, भाबरा की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश बारिया ने की। प्रतियोगिता का सफल संचालन क्रीड़ा प्रभारी प्रो. नारायण चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी जोबट आनंद चौहान, डॉ. मोहन डोडवे, प्रो. कमलेश गनावा सहित निर्णायक मंडल में रेफरी गौरव डावर, संदीप चौहान एवं नीरज अजनार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने, अवैध पटाखों की बिक्री पर निगरानी तथा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने अनुविभागवार राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जिले को अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि किसी भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा न हो।

कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले हाट-बाजारों में सतत निगरानी रखें तथा अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं बिक्री पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करें।

निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लाइसेंसी पटाखा विक्रेताओं द्वारा शासन की निर्धारित गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसका भी निरीक्षण करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने तथा जिले की समस्त धर्मस्व भूमि का भौतिक सत्यापन कर वर्तमान स्थिति से मुख्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए।

न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर निराकृत एवं विलोपित किए जाने योग्य प्रकरण दर्ज रहने से जिले की प्रगति प्रभावित होती है।

ऐसे प्रकरणों को पोर्टल से विलोपित कराने के लिए अनुविभागवार वरिष्ठ कार्यालयों से पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भूमि आवंटन संबंधी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को राजस्व वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदिप सोनी, श्रीमती आकांशा अग्रवाल ,समस्त अनुविभागीय अधिकारी सहित तहसीलदार - नायब तहसीलदार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

मेघनगर के नौ जैन कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर मिली जिम्मेदारी



मेघनगर। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के वर्ष 2026 के अधिवेशन में मेघनगर के नौ कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवयुवक, तरुण एवं महिला परिषद में हुई इन नियुक्तियों से मेघनगर श्रीसंघ और सकल जैन समाज में हर्ष का माहौल है। परम पूज्य पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज साहब के पट्टधर गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी महाराज साहब एवं आचार्य श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वरजी महाराज साहब के आशीर्वाद से हुई नियुक्तियों में रजत मनोहर कावड़िया को मध्य प्रदेश नवयुवक परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राकेश लोढ़ा को राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री तथा अभिधान कावड़िया को तरुण परिषद का राष्ट्रीय सहमंत्री नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा देवेंद्र जैन (नाना) को प्रदेश पर्यावरण मंत्री, राजेश भंडारी को विशेष आमंत्रित सदस्य और राहुल राका को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी मिली है। महिला परिषद में विमला बहन कोठारी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अनीता रूनवाल को मध्य प्रदेश महिला परिषद का उपाध्यक्ष तथा राखी लोढ़ा को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। नवयुवक परिषद महामंत्री राहुल लोढ़ा ने बताया कि एक ही नगर के नौ कार्यकर्ताओं को संगठन में विभिन्न दायित्व मिलना मेघनगर के लिए गौरव की बात है। नियुक्तियों की जानकारी मिलते ही श्रीसंघ, ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, नवयुवक परिषद, तरुण परिषद, महिला परिषद एवं बालिका परिषद के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रजत कावड़िया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे मेघनगर के लिए सम्मान का विषय है। उन्होंने संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और समाज एवं धर्म के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील शकनावदा, जिला झाबुआ, म.प्र.
प्रो.कमांक/604/रीडर-02 /2026 झकनावदा, दिनांक- 22/10/2026
प्रकरण क. 0539 / अ-06 / 2020-21

// विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि आवेदक **नाथु पिता मुल्या कटारा, अमरसिंह पिता रामचंद कटारा, सुकलिया पिता रामचंद कटारा, मृतक कालु पिता मुल्या कटारा,** के वारिसान **नंदु पिता कालु केटारा, बालु पिरो कालु कटारा,** दुर्गा पते कालु फटारा, निवासी-ग्राम पनास, तहसील - पेटलावद, जिला झाबुआ के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व पेटलावद के अपील प्रकरण क. 0020/अपील / 2025-26 में पारित अपील आदेश दिनांक - 15.10.2025 के पालन में इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं जिसकी सुनवाई की जाना हैं। विपक्षीगण को सुचना देने हेतु सार्वजनिक दिज्ञप्ति का प्रकाशन किया जाता हैं जो निम्नानुसार हैं- **गंगाबाई पिता मुल्या सिंगाड़, निवासी-ग्राम पनास, तहसील-पेटलावद** एवं **हुकली बाई पिता मुल्या सिंगाड़, निवासी--घोघड़िया फलिया ग्राम बेड़दा, तहसील-पेटलावद,** जिला झाबुआ, म.प्र.। अतः विपक्षीगण स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/जवाब दिनांक -12.11.2026 को न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं बाद मियाद / दिनांक समाप्त हो जाने के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक- 22/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया हैं। स्थान- झकनावदा न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील झकनावदा, जिला झाबुआ, म.प्र. ।

दिनांक- 22/10/26

नायब तहसीलदार, उपतहसील झकनावदा, जिला झाबुआ, म.प्र.